SJU
Govt. Registered
Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 18 मई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 230

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार डंपर ने तीन बच्चियों को कुचला, दो की मौत

**बड़वानी (आरएनएस)।** तेज रफ्तार डंपर ने तीन लड़कियों को कुचल दिया। इनमें से दो की मौत हो गई, एक गंभीर रूप से घायल है। घटना से गुस्साए परिजन ने ग्रामीणों के साथ पाटी-बड़वानी मार्ग पर जाम लगा दिया। हादसा अंजराड़ा में करीब 4 बजे हुआ। तीनों लड़कियां टेलरिंग शॉप से पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान डंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। इनमें से पूजा पिता नासरिया (19) और काली पिता लाल सिंह (14) की मौके पर मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद डंपर पलट गया। इसमें गिट्टी भरी हुई थी। सूचना मिलने पर बड़वानी एसडीओपी, पाटी थाना प्रभारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

### उत्तर प्रदेश के बिजनौर में तेज रफ्तार ट्रक ने मां-बेटी को कुचला, दोनों की मौत

**बिजनौर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के कोतवाली शहर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने 28 वर्षीय महिला और उसकी 5 वर्षीय बेटी को कुचल दिया। यह हादसा शुक्रवार दोपहर हुआ। महिला अपने पति और बेटी के साथ बाइक से धामपुर से पानीपत जा रही थी। इसी दौरान मेरठ से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में महिला और बच्ची की मौत हो गई। मृतकों की पहचान उजाला और उनकी 5 वर्षीय बेटी अनिशा के रूप में हुई। जबकि, महिला का पति गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मां-बेटी को मृत घोषित कर दिया। जबकि, महिला के पति का इलाज चल रहा है। पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। महिला के पति को घायलावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने ट्रक और बाइक को कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक ट्रक को छोडक़र मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

### विदेश मंत्री जयशंकर का बड़ा बयान, व्यापार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता नहीं करेगा भारत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को चीन का संदर्भ देते हुए कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को दाव पर किसी देश के साथ व्यापार को प्राथमिकता नहीं देगा। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने चीन के साथ व्यापार से इनकार नहीं किया है, लेकिन हमें सावधानी बरतने की जरूरत है। मंत्री ने कहा,कुछ देशों के साथ संबंधों को जारी रखने के लिए हमें हमें अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने चीन के संदर्भ में कहा कि हम अपने लोगों को आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन के लिए प्रोत्साहित करते रहेंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हालांकि हमने लोगों को चीन के साथ काम करने से रोका नहीं है, लेकिन यदि कोई भारतीय विकल्प उपलब्ध है, तो आपको उसे प्राथमिकता देनी चाहिए। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ अपने व्यवसाय के लिए भी अच्छा है। मंत्री ने यह भी कहा, यदि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति भंग होती है, और कोई आपके क्षेत्र में घुस आया है, तो क्या आप उसके साथ व्यापार करेंगे?

### बिहार के अररिया में जीजा-साली की पुलिस हिरासत में मौत, आक्रोशित लोगों का थाने पर हमला

**अररिया (आरएनएस)।** बिहार के अररिया जिला के ताराबाड़ी थाना में पुलिस हिरासत में दो लोगों की मौत के बाद शुक्रवार को स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और थाने पर हमला बोल दिया। आक्रोशित लोगों ने थाने पर पथराव किया और एक झोपड़ी को आग लगा दी। इस घटना में कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुरुवार की रात को ताराबाड़ी थाना पुलिस ने शादी के लिए अपहरण से संबंधित मामले में आरोपी मि_कुमार सिंह और अपहृत चांदनी कुमारी (14) को पकडक़र थाना लाई थी। बताया जाता है कि देर रात दोनों ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों जीजा और साली बताए जाते हैं। इसकी सूचना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और थाने का घेराव किया।

# तूफान के बाद आसमान से मौत बनकर गिरी बिजली, 12 लोगों की मौत

**कोलकाता । आरएनएस**



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गुरुवार को अपराह्न में तेज रफ्तार हवाओं के साथ बिजली गिरने और तूफान की चपेट में आने से कम से कम बारह लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि तूफान ने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में भी जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, जिसमें कई लोगों को चोटें आईं। सूत्रों ने कहा कि आपदा में नुकसान का आकलन अभी नहीं किया गया है, क्योंकि बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

सूत्रों ने बताया कि घायलों को मालदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को भी परीक्षण के लिए इस अस्पताल में भेज दिया गया। मृतकों की पहचान पुराने मालदा के चंदन साहनी (41), राज मृधा (17) और मनोजीत मंडल के रूप में की गई। गोजोल में बिजली गिरने से किशोर असित साहा की मौत हो गई।लगभग सभी मृतकों की पहचान कर ली गई है।

स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की यथासंभव मदद कर रहा है और पुनर्वास के लिए दो-दो लाख रुपये की राहत की घोषणा की है। जिले में कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'मालदा में बिजली गिरने के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। मैं इस कठिन समय के दौरान उनके प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरी दुआएं घायलों के साथ हैं। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

उन्होंने कहा, हमारा जिला प्रशासन प्रभावितों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। हम जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपनी क्षमता से सब कुछ करेंगे।

### बाल-बाल बचे 180 यात्री, टेकऑफ के दौरान हादसे का शिकार हुआ एयर इंडिया का विमान



**पुणे (आरएनएस)।** दिल्ली जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान की पुणे हवाई अड्डे पर रनवे की ओर बढ़ते समय एक टग ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। यह घटना तब हुई जब विमान में लगभग 180 यात्री सवार थे। हवाईअड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि लगभग 180 यात्रियों को ले जा रहे विमान की नाक और लैंडिंग गियर के पास एक टायर क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बावजूद, विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वहीं बुधवार को ही दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान में रखे टिशू पेपर में 'बम' लिखा मिला, जिसके बाद एयरपोर्ट पर हडक़ंप मच गया और सुरक्षा अधिकारियों ने पूरे विमान की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। बाद में यह महज अफवाह साबित हुई।

## पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं की कार, दो जुड़वां बच्चों समेत तीन की मौत



**जमुई । आरएनएस**

बिहार के जमुई जिले के चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार तडक़े एक स्विफ्ट कार के सडक़ के किनारे एक पेड़ में टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल भी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरा के चरपोखरी के रहने वाले आनंद कुमार अपने परिवार के साथ कार से अपने बच्चों का मुंडन कराने देवघर जा रहे थे। रास्ते में चकाई-देवघर मुख्य मार्ग पर बसबुटिया गांव के पास कार अनियंत्रित होकर सडक़ के किनारे एक पेड़ से जा टकराई।

बताया जाता है कि इस घटना में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि चार-पांच लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में दो जुड़वा बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र पांच साल बताई जा रही है।

इधर, घटना की जानकारी के बाद चंद्रमंडीह थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल चकाई से देवघर रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मुंबई होर्डिंग हादसे का मुख्य आरोपी उदयपुर से गिरफ्तार, 16 लोगों की हुई थी मौत

**उदयपुर । आरएनएस**



मुंबई में 13 मई को हुए होर्डिंग हादसे के मामले के मुख्य आरोपी भावेश भिंडे को मुम्बई क्राइम ब्रांच की टीम ने उदयपुर से गिरफ्तार कर लिया। वह यहां एक रिसोर्ट में छिपा हुआ था। क्राइम ब्रांच की टीम उसे अपने साथ मुंबई लेकर रवाना हो गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के बाद से मुख्य आरोपी भावेश भिंडे फरार चल रहा था। जिस पर मुंबई पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया था। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम लगातार भिंडे के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आरोपी भावेश भिंडे विज्ञापन एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है, जिसकी तरफ से यह होर्डिंग्स लगाए गए थे। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी भिंडे को पकडक़र मुंबई लेकर रवाना हो गई है जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

इस संबंध में उदयपुर एसपी योगेश गोयल ने बताया कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। न ही ऐसी कोई कार्रवाई में मुंबई पुलिस ने उनकी मदद ली है। ऐसे में माना जा रहा है कि मुंबई क्राइम ब्रांच ने यह कार्रवाई सीधे अपने स्तर पर की है।

**होर्डिंग लिम्का बुक में सबसे बड़े होर्डिंग के रूप में था दर्ज:**

घाटकोपर में गिरने वाले होर्डिंग का नाम लिम्का बुक आफ रिकॉर्ड्स में सबसे बड़े होर्डिंग के रूप में दर्ज किया गया था। इसे लगाने वाले एजेंसी ईगो मीडिया प्राइवेट लिमिटेड है, जिसका मालिक आरोपी भावेश भिंडे है। भावेश इस साल जनवरी में एक रेप मामले में गिरफ्तार हुआ था। हालांकि बाद में उसे बेल मिल गई। वह वर्ष 2009 में निर्दलीय विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है। चुनावी हलफनामे में उसने बताया था कि उसके खिलाफ 23 क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

## तीन वर्षीय बच्ची को कार में भूल शादी में पहुंचे पेरेंन्ट, दम घुटने से मासूम की दर्दनाक मौत

**कोटा । आरएनएस**



राजस्थान के कोटा में पैरेंट्स की लापरवाही के चलते उनकी 3 वर्षीय मासूम बेटी की मौत हो गई। दरअसल बच्ची के मां-बाप उसे कार में भूलकर शादी में चले गए थे। 2 घंटे बाद जब लौटे तो मासूम अचेत मिली। बच्ची संभवत इस दौरान रोई भी होगी, लेकिन शादी समारोह में तेज डीजे बज रहा था। ऐसे में किसी का ध्यान कार की ओर नहीं गया, तेज धूप में कार खड़ी हुई थी। इधर, अचेत बेटी को लेकर परिजन इटावा अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची की पहचान गोरविका नागर के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार शाम की है जब बच्ची के माता-पिता शादी समारोह मे गए थे। खतौली थाने के प्रभारी बन्ना लाल ने बताया कि प्रदीप नागर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ जोरावरपुरा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जैसे ही परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा, मां और उसकी बड़ी बेटी कार से बाहर निकल आईं और प्रदीप वाहन पार्क करने चले गए।

उन्होंने कहा, 'प्रदीप को लगा कि गोरविका अपनी मां के साथ कार्यक्रम स्थल के अंदर गई है और उन्होंने कार को लॉक किया तथा समारोह में शामिल होने के लिए चले गये। लगभग दो घंटे तक वे शादी समारोह में ही रहे।' लाल ने बताया कि जब वे (बच्ची के माता पिता) मिले और एक-दूसरे से गोरविका के बारे में पूछा तो उन्हें पता चला कि वह उनमें से किसी के भी साथ नहीं थी जिसके बाद उन्होंने उसे ढूंढना शुरू कर दिया।

लाल ने बताया कि बच्ची के माता-पिता ने उसे कार की पिछली सीट पर बेहोश पाया और उसे अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खातौली थाने के हेड कांस्टेबल भरतराज गुर्जर ने कहा तीन साल की मासूम बच्ची की गाड़ी में सोते समय दम घुट जाने से मौत हुई है। परिजनों ने किसी तरह की पुलिस कार्रवाई से इनकार कर दिया। शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

### स्वाति मालीवाल मारपीट मामला

## बयान दर्ज करवाने पहुंचीं तीस हजारी कोर्ट, कल हुई थी एफआईआर

**नई दिल्ली । आरएनएस**



मारपीट मामले में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज करवाने दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट पहुंचीं।पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद कल उन पर हुए हमले के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एफआईआर में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार का नाम शामिल है।

स्वाति ने दावा किया है कि विभव कुमार ने उन्हें बार-बार थप्पड़ मारे और उनके पेट पर मुक्के भी मारे।सूत्रों ने कहा, स्वाति ने आगे कहा कि हमले के दौरान सीएम केजरीवाल आवास के अंदर थे और उन्हें घटना की पूरी जानकारी थी।स्वाति की शायद शुक्रवार को मेडिकल जांच कराई जाएगी। इसके साथ ही, बिभव कुमार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार सुबह 11 बजे व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए बुलाया है।इससे पहले, गुरुवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने स्वाति का बयान दर्ज किया था।पुलिस सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष शाखा) प्रमोद कुमार कुशवाह अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार दोपहर स्वाति के घर पहुंचे और वहां करीब साढ़े चार घंटे बिताए।बाद में स्वाति ने भी एक्स पर लिखा कि उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर उन पर हुए कथित हमले के संबंध में दिल्ली पुलिस को अपना बयान दर्ज कराया है। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, मेरे साथ जो हुआ, वह बहुत बुरा था। मैंने अपने साथ हुई घटना पर पुलिस को अपना बयान दे दिया है। मुझे उम्मीद है कि उचित कार्रवाई की जाएगी।

पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। मैं उन लोगों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मेरे लिए प्रार्थना की। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, भगवान उन्हें भी खुश रखे।देश में एक महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल महत्वपूर्ण नहीं है, देश के मुद्दे महत्वपूर्ण हैं। भाजपा के लोगों से विशेष अनुरोध है कि इस घटना का राजनीतिकरण न करें।सोमवार को डीसीपी (नॉर्थ) मनोज कुमार मीणा ने बताया था कि सुबह 9:34 बजे सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाली ने दावा किया कि सीएम केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर उसके साथ मारपीट की गई।पीसीआर कॉल रिकॉर्ड में कहा गया है, महिला कह रही है कि वह सीएम के घर पर है और सीएम के पीएस बिभव कुमार ने उस पर हमला किया है।

दिल्ली में मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को चूड़ियां लेकर पहुंचीं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने 'स्वाति मालीवाल पिटाई प्रकरण' में दिल्ली सरकार के ढुलमुल रवैये पर अपना गुस्सा जाहिर किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा, महिलाओं की अस्मिता को सुरक्षित रखने में असमर्थ केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें अपने हाथों में चूड़ियां पहन लेनी चाहिए।

## संदेशखाली में ही अपना कैंप ऑफिस खोलेगी सीबीआई

**कोलकाता । आरएनएस**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भूमि कब्जा, जबरन वसूली और महिलाओं के यौन उत्पीडऩ मामले की जांच के लिए पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एक कैंप ऑफिस खोलेगी। सूत्रों ने कहा कि कैंप ऑफिस की सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की दो प्लाटून संदेशखाली में तैनात की जाएगी। कैंप ऑफिस खोलने से जांच की गति में तेजी आएगी। सीबीआई अधिकारियों को रोजाना कोलकाता से संदेशखाली आना-जाना नहीं पड़ेगा।

इससे स्थानीय लोग शिकायत दर्ज करा सकते हैं, खास कर वो लोग जो ईमेल से शिकायत दर्ज नहीं करा पाते। स्थानीय लोग कोलकाता जाने के बजाय कैंप ऑफिस में ही अपनी शिकायतें ले कर आ सकते हैं। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि शिकायतों को भौतिक रूप से दाखिल करने की प्रक्रिया के अलावा ई-फाइलिंग की व्यवस्था भी जारी रहेगी। साथ ही, सीबीआई अधिकारी कैंप ऑफिस में ही गवाहों या संदिग्धों से पूछताछ कर सकेगी। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय इन आरोपों के बाद लिया गया है कि स्थानीय महिलाओं पर यौन उत्पीडऩ की शिकायतें वापस लेने का दबाव है। चूंकि सीबीआई अधिकारी ग्राउंड जीरो से काम करेंगे, इससे पीड़ितों के बीच विश्वास पैदा करने में मदद मिलेगी, जबकि पीड़ितों को होने वाले खतरों से भी काफी हद तक बचा जा सकेगा।

## संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी, सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

**नई दिल्ली । आरएनएस**



उच्चतम न्यायालय ने अपने अप्रैल 2022 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा है कि संविधान पीठ का फैसला कम संख्या वाली पीठों पर बाध्यकारी होगा। 7 अप्रैल, 2022 के अपने आदेश में शीर्ष अदालत ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन के स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती जो हरियाणा में भूमि कानून के तहत वास्तविक मालिकों से उनकी अनुमेय सीमा से ज्यादा ली गई है।

शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें केवल उस भूमि का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं जो मालिकों से ली गई हैं और उस पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं। शीर्ष अदालत ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की अपील करने वाली याचिका पर अपना यह फैसला सुनाया। इसमें कहा गया है कि संविधान पीठ द्वारा निर्धारित कानून को अनदेखा करना और उसके बिल्कुल विपरीत दृष्टिकोण रखना एक भौतिक त्रुटि होगी।

इसमें कहा गया, हमारे विचार में संविधान पीठ के फैसले को नजरअंदाज करने से इसकी सुदृढ़ता कमजोर होगी। केवल इस संक्षिप्त आधार पर समीक्षा की अनुमति दी जा सकती थी। समीक्षा याचिका की अनुमति देते हुए पीठ ने कहा, इस न्यायालय के सात अप्रैल 2022 के फैसले के आलोक में अपील दायर करने के लिए बहाल की जाती है। पीठ ने निर्देश दिया कि अपील को सात अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

### अंजलि मर्डर केस

## कर्नाटक पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी, भोली-भाली लड़कियों को बनाता था निशाना

**हुबली । आरएनएस**



कर्नाटक पुलिस ने एकतरफा प्यार की भेंट चढ़ी अंजलि अंबिगेरा की हत्या के मामले में आरोपी विश्वा उर्फ गिरीश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आरंभिक जांच से पता चला है कि विश्वा आदतन चोर था और भोली-भाली लड़कियों का फायदा उठाता था। उसे शराब की बुरी लत थी और चोरी की कोशिश में पकड़ा भी गया था। वह एक बाइक चोर गिरोह का सदस्य भी था।

आरोपी भोली-भाली लड़कियों को निशाना बनाता था, उनके साथ प्यार को नाटक करता था और उनसे सोना-चांदी तथा नकदी वसूलने के लिए उनकी भावनाओं का फायदा उठाता था। जब अंजलि ने उसे ऐसा कुछ भी देने से मना कर दिया और उसके साथ मैसुरू जाने से साफ इनकार कर दिया तो उसने उसकी निर्दयता पूर्वक हत्या कर दी।

दावनगेरे में आरोपी की तलाश में जुटी टीम ने गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अपने साथ कोई मोबइल फोन लेकर नहीं गया था और अंजलि की हत्या से पहले 15 दिन तक अपना मोबाइल इस्तेमाल नहीं किया था जिस कारण पुलिस को उस तक पहुंचने में समय लगा।

बेंदीगेरी पुलिस को आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड का पता था। इसके बावजूद अंजलि के परिवार की शिकायत पर कोई कार्रवाई न करना पुलिस की लापरवाही दिखाता है।

आरोपी बुधवार तडक़े 5.30 बजे युवती के घर में घुस गया और सो रही पीड़िता पर हमला कर दिया। परिवार के लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह युवती को मारकर भागने में कामयाब रहा।

उस समय युवती की दादी और दो बहनें घर में मौजूद थीं। आरोपी ने युवती को पूरे घर में घसीटा, उसे लात मारी और चाकू से वार किये। इसके बाद उसने उसे रसोई घर में धक्का दिया और फिर चाकू से वार किये।

विश्वा अंजलि पर बिना अपने परिवार को बताये उसके साथ मैसुरू जाने के लिए ब्लैकमेल कर रहा था। प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपी का चोरी के मामलों में आपराधिक रिकॉर्ड है। वह बाइक चोर के रूप में जाना जाता है।

एमसीए की छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या के बाद इस तरह की एक और घटना ने शहर को स्तब्ध कर दिया है।